XI th / Model-2019 / Hindi-Core-A Set-II / Ref--(I) & (II)

**No of Question – 45**

सेट – 2

**Class - XI**

**HINDI (CORE) - A**

**(Compulsory)**

**Full Marks - 90**

**Pass Marks – 30**

**Time**

**निर्देश – इस प्रश्न–पत्र में 45 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के दो (2) अंक है, सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**खण्ड – (क)**

**I निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए प्रश्नों (प्रश्न संख्या 1–5) के विकल्प चुनिए :**

इस समाधि में छिपी हुई है
एक राख की ढेरी।
जलकर जिसने स्वतंत्रता की
दिव्य आरती फेरी।
यह समाधि यह लघु समाधि है
झाँसी की रानी की।
अंतिम लीला–स्थली यही है
लक्ष्मी मर्दानी की
यही कही पर बिखर गई वह
भग्न विजय माला सी।
उसके फूल यहाँ संचित हैं
है वह स्मृति शाला सी।।

1) कवि किसकी समाधि की बात कर रहा है?

(A) सावित्री बाई की (B) रानी लक्ष्मी बाई की

(C) आनंदी बाई की (D) सरस्वती बाई की।

2) रानी की समाधि किसका प्रतीक है?

(A) वीरता का (B) कायरता का

(C) आत्मविश्वास का (D) अवतार का

3) रानी को मर्दानी क्यों कहा गया है?

(A) पुरूषों की भाँति वीरतापूर्वक युद्ध नहीं करने के कारण

(B) पुरूषों की भाँति युद्ध भूमि से भाग जाने के कारण

(C) पुरूषों की भाँति वीरतापूर्वक युद्ध करने के कारण

(D) पुरूषों से प्रतिस्पर्धा करने के कारण।

4) 'लघु' शब्द का विलोम है –

(A) छोटा (B) गुरू

(C) अंत (D) दशा

5) प्रस्तुत पद्यांश का शीर्षक बताइए –

(A) झाँसी की रानी की समाधि

(B) स्मृति–शाला

(C) लीला–स्थली

(D) विजय माला

**II निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या 6–10) के विकल्प चुनिए :**

आज से लगभग छः सौ साल पूर्व संत कबीर ने सांप्रदायिकता की जिस समस्या की ओर ध्यान दिलाया था, वह आज भी प्रसुप्त ज्वालामुखी की भाँति भयंकर बनकर देश के वातावरण को विदग्ध करती रहती है। देश का यह बड़ा दुर्भाग्य है कि यहाँ जाति, धर्म, भाषागत, ईर्ष्या, द्वेष, बैर–विरोध की भावना समय–असमय भयंकर ज्वालामुखी के रूप में भड़क उठती है। दस बीस हताहत होते हैं, लाखों–करोड़ों की संपत्ति नष्ट हो जाती है। भय, त्रास और अशांति का प्रकोप होता है। विकास की गति अवरूद्ध हो जाती है।

कबीर हिंदू मुसलमान में, जाति-जाति में शारीरिक दृष्टि से कोई भेद नहीं मानते। भेद केवल विचारों और भावों का है। इन विचारों और भावों के भेद को बल धार्मिक कट्टरता और सांप्रदायिकता से मिलता है। हृदय की चरमानुभूति की दशा में राम और रहीम में कोई अंतर नहीं। अंतर केवल उन माध्यमों में है जिनके द्वारा वहाँ तक पहुँचने का प्रयत्न किया जाता है। इसलिए कबीर साहब ने उन माध्यमों पूजा नमाज़ व्रत रोजा आदि के दिखावे का विरोध किया।

6) देश में व्याप्त किस समस्या को ज्वालामुखी कहा गया है?

(A) प्रकोप की समस्या को

(B) धार्मिक सहिष्णुता की समस्या को

(C) बाह्याडंबरों की समस्या को

(D) सांप्रदायिकता की समस्या को।

7) मनुष्य में आपस में भेद होता है –

(A) शारीरिक दृष्टि से

(B) विचारों एवं भावों की दृष्टि से

(C) धार्मिक दृष्टि से

(D) रोजगार की दृष्टि से।

8) देश का बड़ा दुर्भाग्य क्या है?

(A) बैर-विरोध की भावना का भड़कना

(B) आपसी सद्भावना

(C) शारीरिक भेद-भाव

(D) संपत्ति नष्ट होना।

9) कबीर ने किसका विरोध किया ?

(A) पूजा, नमाज, व्रत के दिखावे का

(B) हृदय की चरमानुभूति

(C) राम और रहीम का

(D) भय,त्रास के प्रकोप का।

10) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है –

(A) तुलसी की प्रासंगिकता

(B) रहीम की प्रासंगिकता

(C) राम की प्रासंगिकता

(D) कबीर की प्रासंगिकता।

## खण्ड – ख

## III

11) निम्नलिखित में से कौन–सा निबंध का एक भाग है ?

(A) प्रस्तावना (B) कसौटी

(C) खंड (D) दृश्य

12) निबंध ...................... साहित्य की एक विधा है–

(A) पद्य (B) गद्य

(C) महाकाव्य (D) काव्य

13) कार्यालयी पत्र .................... का ही एक रूप है।

(A) रिपोर्ट (B) औपचारिक पत्र

(C) अनौपचारिक पत्र (D) आलेख

14) जनसंचार माध्यम में रिपोर्टर को हिंदी में क्या कहते है ?

(A) संवाददाता (B) कलाकार

(C) संपादक (D) लेखक

15) समाचार-लेखन की शैली कौन-सी है ?

(A) काव्यात्मक शैली
(B) उल्टा पिरामिड शैली
(C) संस्मरणात्मक शैली
(D) भावात्मक शैली

16) फीचर के लिए हिन्दी में कौन-सा शब्द प्रयुक्त होता है ?

(A) संपादकीय
(B) समाचार
(C) विज्ञापन
(D) रूपक

17) जनसंचार माध्यमों के अंतर्गत रेडियो एक विशेष ............. माध्यम है।

(A) दृश्य
(B) श्रव्य-दृश्य
(C) श्रव्य
(D) मुद्रित

18) 'अमर-उजाला' समाचार पत्र है -

(A) हिंदी का
(B) अंग्रेजी का
(C) उर्दू का
(D) नागपुरी का

19) भारत में टेलीविजन का प्रारंभ कब हुआ ?

(A) 15 सितम्बर 1959 में
(B) 15 सितम्बर 1939 में
(C) 15 सितम्बर 1949 में
(D) 15 सितम्बर 1969 में

20) किसी खास विषय पर सामान्य लेखन से हट कर किया गया लेखन ........ कहलाता है ?

(A) काव्य लेखन
(B) पत्र-लेखन
(C) विशेष लेखन
(D) कहानी लेखन

## खण्ड – ग

**IV**

निर्देश (प्रश्न संख्या 21–23) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के विकल्प का चयन कीजिए :

'पग घुंघरू बांधि मीरा नाची
मै तो मेरे नारायण सूं, आपही हो गई साची
लोग कहै, मीरा भई बाबरी न्यात कहै कुल नासी
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सहज मिले अविनासी।

21) प्रस्तुत काव्यांश के रचयिता कौन है?

(A) मीरा बाई (B) महादेवी वर्मा

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) अक्क महादेवी।

22) विष का प्याला किसके द्वारा भेजा गया?

(A) नारायण द्वारा (B) राणा द्वारा

(C) गिरधर द्वारा (D) नागर द्वारा

23) मीरा के प्रभु कौन है?

(A) राम (B) शिव

(C) विष्णु (D) कृष्ण

**V**

24) पथिक का मन कहाँ विचरना चाहता है?

(A) सागर और गगन के बीच

(B) पर्वत और नदी के बीच

(C) वन और उपवन के बीच

(D) चाँद और तारों के बीच

M(I)

25) 'वे आँखें' कविता में किसान की पीड़ा के लिए किन्हें जिम्मेदार बताया गया है?

(A) व्यवस्था को (B) पत्नी को

(C) ईश्वर को (D) कवि को।

26) 'आओ मिलकर बचाएँ' कविता में किस समाज की बुराइयों की ओर संकेत किया गया है?

(A) विदेशी समाज (B) आदिवासी समाज

(C) महानगरीय समाज (D) ब्राह्मण समाज

27) अज्ञानी गुरूओं की शरण में जाने पर शिष्यों की क्या गति होती है?

(A) ईश्वर की प्राप्ति होती है

(B) ज्ञान की प्राप्ति होती है

(C) अंत समय में पछताना पड़ता है

(D) मोक्ष की प्राप्ति होती है।

28) चंपा किसकी बेटी है?

(A) सुंदर की (B) सुदर्शन की

(C) सुदामा की (D) सुभद्र की

29) 'घर की याद' कविता में किसके मर्म का उद्‌घाटन है?

(A) घर के (B) परदेश के

(C) मित्र के (D) रचना के

30) 'वे आँखे' किसकी रचना है?

(A) सुमित्रानंदन पंत (B) जयशंकर प्रसाद

(C) महादेवी वर्मा (D) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला

VI

निर्देश (प्रश्न संख्या 31-33) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के विकल्प का चयन कीजिए :-

बिछड़न समय बड़ा करूणोत्पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुख है। माई लार्ड! आपके दूसरी बार इस देश में आने से भारतवासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि आप फिर न आवें। पर आप आए और उससे यहाँ के लोग बहुत ही दुखित हुए। वे दिन-रात यही मनाते थे कि जल्द श्रीमान यहाँ से पधारें। पर अहो! आज आपके जाने पर हर्ष की जगह विषाद होता है। इसी से जाना कि बिछडन समय बड़ा करूणोत्पादक होता है।

31) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

(A) विदाई-संभाषण (B) गलत लोहा

(C) अपू के साथ ढाई साल (D) स्पीति में बारिश

32) यहाँ 'माई लार्ड' किसके लिए प्रयुक्त किया गया है?

(A) लार्ड कार्नवालिस

(B) लार्ड कर्जन

(C) लार्ड मिंटो

(D) लार्ड माउटबेटन

33) बिछड़न समय करूणोत्पादक होता है क्योंकि -

(A) बिछड़ने से दुख होता है (B) बिछड़ने से सुख मिलता है

(C) बिछड़ने से कलह होता है (D) बिछड़ने से शांति मिलती है।

P/8

34) 'मियाँ नसीरुद्दीन' किस विधा की रचना है?

(A) लघुकथा (B) कहानी

(C) संस्मरणात्मक शब्द चित्र (D) रिपोतार्ज

35) आठ करोड़ प्रजा के गिड़गिड़ाकर विच्छेद न करने की प्रार्थना पर आपने जरा भी ध्यान नहीं दिया – यहाँ किस ऐतिहासिक घटना की ओर संकेत किया गया है?

(A) भारत–पाकिस्तान विभाजन (B) बंगाल विभाजन

(C) बिहार–झारखण्ड विभाजन (D) आंध्रप्रेदश विभाजन

36) 'अपू के साथ ढाई साल' संस्मरण किस फिल्म के शूटिंग के अनुभवों से संबंधित है?

(A) पथेर पांचाली (B) अपराजिता

(C) महानगर (D) जलसाघर

37) अखबारनवीस का अर्थ है –

(A) चालाक (B) पत्रकार

(C) कपड़ा रँगनेवाला (D) बुजुर्ग

38) 'गलता लोहा' कहानी के लेखक है –

(A) कृष्णा सोबती (B) कृष्णनाथ

(C) शेखर जोशी (D) कृश्न चंदर

39) 'आत्मा का ताप' किस विधा की रचना है?

(A) निबंध (B) कविता

(C) नाटक (D) आत्मकथा

40) प्रेमचंद का जन्म कब हुआ ?

(A) 1860 (B) 1870

(C) 1880 (D) 1890

41) 'आलो-आँधारि' पुस्तक किस भाषा में लिखी गई है ?

(A) ब्रजभाषा (B) हिंदी

(C) बंगला (D) मराठी

42) बेबी हालदार को लिखने के लिए किसने प्रोत्याहित किया ?

(A) तातुश ने (B) सुनील ने

(C) आशापूर्णादेवी ने (D) शरदचंद्र ने

43) कुमार गंधर्व ने किसे चित्रपट संगीत के क्षेत्र में अनभिषिक्त साम्राज्ञी माना है ?

(A) नूर जहाँ को (B) लता मंगेशकर को

(C) सुरैया को (D) कविता कृष्णमूर्ति को

44) 'राजस्थान की रजत बूँदें' के रचनाकार हैं-

(A) अनुपम मिश्र (B) अनुज लुगुन

(C) अनीता वर्मा (D) अनुकृति शर्मा

45) कुंई को रस्से से बाँधने की क्रिया को क्या कहते हैं ?

(A) बंधन (B) चिनाई

(C) चेजा (D) जोड़ाई

सेट – 2

उत्तर कुंजी

वर्ग –

| प्रश्न सं० | सही उत्तर | प्रश्न सं० | सही उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | B | 21 | A |
| 2 | A | 22 | B |
| 3 | C | 23 | D |
| 4 | B | 24 | A |
| 5 | A | 25 | A |
| 6 | D | 26 | B |
| 7 | B | 27 | C |
| 8 | A | 28 | A |
| 9 | A | 29 | A |
| 10 | D | 30 | A |
| 11 | A | 31 | A |
| 12 | B | 32 | B |
| 13 | B | 33 | A |
| 14 | A | 34 | C |
| 15 | B | 35 | B |
| 16 | D | 36 | A |
| 17 | C | 37 | B |
| 18 | A | 38 | C |
| 19 | A | 39 | D |
| 20 | C | 40 | C |
| | | 41 | C |
| | | 42 | A |
| | | 43 | B |
| | | 44 | A |
| | | 45 | B |

M(1)8(1)